ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः छा०क०–136/23

दिनांक 22/07/2023

सेवा में,

प्रधानाचार्य,

सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय,

ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

विषयः– चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र 2023–27 (सी0बी0सी0एस0) में इतिहास, हिन्दी, भूगोल एवं जन्तु विज्ञान विषय को छोड़कर अन्य सभी विषयों में ऑनलाईन आवेदन करने, ऑनलाईन आवेदन किये हुए छात्र/छात्राओं का मेजर (Major) एवं माईनर (Minor) विषय में परिवर्तन करने तथा द्वितीय स्पॉट नामांकन (Second Spot Admission Process) के तहत नामांकन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा), सत्र 2023–27 (सी0बी0सी0एस0) के तहत नामांकन हेतु छात्र हित में छात्र/छात्राओं को निम्न सुविधाऐं दिये जाने का निर्णय लिया गया हैः–

1. वैसे छात्र/छात्रा जो पूर्व में नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन नहीं किये हों वैसे छात्र/छात्रा ***जन्तु विज्ञान, इतिहास, हिन्दी एवं भूगोल*** विषय को छोड़कर बाँकी अन्य विषयों में ***दिनांक– 24.07.2023 से 26.07.2023 अपराह्न 12:30 बजे तक*** ऑनलाईन आवेदन कर नामांकन ले सकते हैं।
2. छात्र/छात्राऐं जिस विषय में वे आवेदन किये हों और उस विषय में नामांकन हेतु सीट रिक्त नहीं हो तो ***दिनांक– 24.07.2023 से 26.07.2023 अपराह्न 12:30 बजे तक*** मेजर एवं माईनर विषय परिवर्तन करके अपना नामांकन ले सकते हैं। चूंकि *जन्तु विज्ञान, इतिहास, हिन्दी* ***एवं भूगोल*** विषय में पूर्व में ही नामांकन हेतु निर्धारित सीट से अधिक संख्या में छात्र/छात्राओं ने आवेदन किया है अतएव किसी अन्य *विषयों से जन्तु विज्ञान, इतिहास, हिन्दी एवं* ***भूगोल*** विषयों में विषय परिवर्तन नहीं होगा।
3. पूर्व में ऑनलाईन आवेदन किये हुए नामांकन से वंचित, नये आवेदित एवं विषय परिवर्तित कर नामांकन के इच्छुक छात्र/छात्राओ का ***"पहले आओ पहले पाओ"*** के आधार पर ***दिनांक– 24.07.2023 से 26.07.2023 तक*** स्पॉट नामांकन लेना सुनिश्चित करेंगे। इस प्रक्रिया के तहत नामांकन के लिये विश्वविद्यालय द्वारा अलग से कोई चयन सूची जारी नहीं की जायेगी। पूर्व में प्रेषित पत्र छा0क0–107/23 दिनांक–02.07.2023 के अनुसार ही नामांकन की अहर्ता होगी।

22/7/23

प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि नामांकित छात्र/छात्राओं का ***Update अपने महाविद्यालय के डैस–बोर्ड पर दिनांक– 27.07.2023 तक*** अनिवार्य रूप से कर लेंगे। प्रधानाचार्य से पुनः अनुरोध है कि अपने–अपने महाविद्यालयों कि विषयवार रिक्त सीटों की सूचना, सूचना–पट्ट पर प्रदर्शित करें ताकि छात्रों को रिक्त सीटों की जानकारी मिल सकेगी।

नोटः–

प्रधानाचार्य को निदेशित किया जाता है कि स्वीकृत सीट से एक भी अधिक नामांकन नहीं लेंगे, अगर सीट से अधिक नामांकन लेते है तो राज्यादेश के उलंघन माना जायेगा एवं इसकी सूचना राज्य सरकार को दे दी जायेगी एवं वैसे छात्र/छात्रा का किसी भी परिस्थिति में पंजीयन एवं परीक्षा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। इसकी सारी जवाबदेही संबंधित प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या की होगी।

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।

विश्वासभाजन,

22/7/23

अध्यक्ष, छात्र–कल्याण

22/7/23